ग्वालियर संस्करण की नई विज्ञापन दरें

वर्गीकृत विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट) 50 शब्द,प्रत्येक अतिरिक्त शब्द 5 रूपये, शीर्षक शुल्क 100 प्रतिशत अतिरिक्त	3 DAYS 100/-	15 DAYS 500/-	1MONTH 1000/-
डिस्पले क्लासिफाइड विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट)	1 DAYS 500/-	7 DAYS 1800/-	1MONTH 3000/-
पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि फोटो सहित	Size 8x1	Rs. 500/-	
गुमशुदा, जन्मदिन, बधाई	Size 8x1	Rs. 1000/-	
वैवाहिक	Size 6x1	Rs. 500/-	
नाम परिवर्तन, लीज पॉलिसी परिवर्तन, खोया-पाया	Display Classified Rate		
वैवाहिक विज्ञापन कम से कम 40 शब्द (केवल मध्यप्रदेश) 5 रूपये अतिरिक्त शब्द	Rs. 500/-		

Contact:-
Nava Bharat Bhavan, City Center, Gwalior
Ph. 0751-4086200, 9479319990
E-mail address-bharatnava@gmail.com

पाठकगण किसी भी वर्गीकृत विज्ञापन पर पहल करने से पहले पूरी जानकारी एकत्र कर संपर्क करें. इस संबंध में नवभारत समाचार- पत्र की जिम्मेदारी नहीं होगी.

गीत संग्रह हाथी दादा का विमोचन

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 3 दिसंबर । मध्य प्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन ग्वालियर इकाई द्वारा गंगादास की बड़ी शाला लक्ष्मीबाई कॉलोनी में मध्य प्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन ग्वालियर इकाई की ओर से राम अवध विश्वकर्मा के प्रकाशित बाल गीत संग्रह हाथी दादा का विमोचन राम सेवक दास महाराज के सानिध्य में हुआ। आयोजन की अध्यक्षता साहित्यकार माता प्रसाद शुक्ल ने की। पुस्तक पर राज किशोर बाजपेई ने समीक्षात्मक वक्तव्य दिया।

संस्था की ओर से राज नारायण दीक्षित राजेश, मनोज भटेले ने अतिथियों का

माल्यार्पण कर स्वागत किया।

इस अवसर पर सम्मेलन की ओर से विश्वकर्मा को शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया। विश्वकर्मा का विशेष कविता पाठ हुआ। हाथी दादा पुस्तक में बच्चों के लिए विविध विषयों बिल्ली मौसी,झमाझम पानी, तिरंगा,क्यों फूलती रोटी, गर्मी की मार, सूरज दादा, मुनिया के सवाल ,हाथी दादा पर्यावरण ,बंदर थानेदार, मोबाइल की लत, बंदर मामा आदि महत्वपूर्ण विषयों पर सरल भाषा में बच्चों के लिए गीत लिखे हैं। विश्वकर्मा की अभी तक 10 किताबें प्रकाशित हो चुकी हैं,मुख्यत: वे गजल कार हैं। इस मौके पर डॉक्टर संजय मिर्जा, राणा जेवा ,दिनेश विकल ,ज्योति दिनकर,डी के सक्सेना, मालती श्रीवास्तव,डॉक्टर अक्षय कुमार दानी, रेशमा बानो हाशमी, मधुलिका सिंह ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम के संचालन राणा जेवा आभार संस्था सचिव मनोज भटेले ने व्यक्त किया।

हर पल को खुशी से भर देना ही जीवन जीने की कला है : बीके आदर्श दीदी

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 3 दिसंबर । सिकंदर कम्पू स्थित पानी की टंकी के पास चल रहे ज्ञान सप्ताह के आज समापन अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय लश्कर ग्वालियर केंद्र प्रमुख बीके आदर्श दीदी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि जो व्यक्ति वर्तमान क्षण में खुश रहना सीख लेता है, वही जीवन में सच्चा सुख पाता है। क्योंकि भविष्य अनिश्चित है और अतीत बदल नहीं सकता। जो हमारे हाथ में है वह केवल वर्तमान है। यह क्षण, यह पल और इस पल को खुशी से भर देना ही जीवन जीने की कला है। दीदी ने आगे कहा कि सुखद जीवन का अर्थ यह नहीं कि हमारे जीवन में समस्याएँ नहीं आएँगी। बल्कि इसका अर्थ यह है कि हम उन समस्याओं के बीच भी उम्मीद और सकारात्मकता बनाए रखेंगे। जीवन में उतार-चढ़ाव आते हैं, परन्तु जब मन मजबूत हो, विचार सकारात्मक हों और हृदय

शांत हो, तब कठिन समय को भी हम पार कर लेते है। इसलिए, आज हम यह संकल्प लें कि अपने जीवन में खुशी को प्राथमिकता देंगे। हम स्वयं भी मुस्कराएँगे और दूसरों को भी खुशी बांटने के निमित्त बनेगे। जीवन में खुशी वह अमूल्य धन हैं, जिनकी तलाश हर इंसान करता है। चाहे वह बच्चा हो, युवा हो या वृद्ध, सबके मन में एक ही आशा होती है कि जीवन में शांति, प्रेम और खुशी बनी रहे। परंतु अक्सर हम छोटी छोटी बातों में खुशी को खो देते है। जबकि हमें हर कार्य खुश होकर करना चाहिए।

आईटीएम खिलाड़ियों ने 5वीं खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स रेसलिंग में झटके दो गोल्ड और एक ब्रॉन्ज मेडल

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 3 दिसंबर । आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के आईटीएम स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स एजुकेशन से प्रशिक्षित खिलाड़ियों ने इस बार 5वीं खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2025 के तहत ग्रीको रोमन रेसलिंग में बेहतर प्रदर्शन के साथ ही दो गोल्ड और एक ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम कर लिए हैं। इतना ही नहीं ग्रीको रोमन रेसलिंग में आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर ने ओवर ऑल चैंपियनशिप अपने नाम कर ट्रॉफी हासिल की है।

87 किलो ग्राम ग्रीको-रोमन रेसलिंग में आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के उभरते

हुए रेसलर युधवीर ने लगातार बेहतरीन पकड़ और रक्षात्मक कौशल का प्रदर्शन किया। युधवीर ने गौर चाडू (जीकेवी) को 3-1 और 5-1 से मात दी। इसके बाद युधवीर का मुकाबला कमल प्रीत (जेयू) के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने 4-0 और 8-0 से मैच जीत लिया।

इसी तरह 77 किलो ग्राम ग्रीको-रोमन रेसलिंग में आईटीएम के युवा रेसलर सागर ने अपने वर्ग में सागर ने सूरजीत (टीएमबीएसपीएसयू) को 9-4 से हराया। इसके बाद युवा खिलाड़ी सागर ने 9-0 के साथ एमएसयू सागर के खिलाड़ी को परास्त किया। इसी क्रम में आईटीएम के रेसलर सागर ने सूरजीत (टीएमबीएसपीएसयू) को 9-0 से मात देकर शानदार जीत दर्ज की।

आईटीएम खिलाड़ी दीपांशु ने मजबूत प्रतिद्वंद्वी कृष्ण (एमएसबीयू) को 9-3 के अंतर से मात देकर अपनी क्षमता का लोहा मनवाते हुए जीत दर्ज कराई।

युधवीर ने ब्रॉन्ज और दीपांशु व सागर ने जीते गोल्ड मेडल

5वीं खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2025 में ग्रीको रोमन रेसलिंग प्रतियोगिता के दौरान आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के युवा खिलाड़ी युधवीर ने 87 किलो ग्राम केटेगरी में ब्रॉन्ज मेडल जीता है। वहीं सागर ने 77 किलो ग्राम केटेगरी में गोल्ड और दीपांशु ने 130 किलो ग्राम केटेगरी में गोल्ड मेडल जीत कर आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर और प्रदेश का नाम देशभर में रोशन कर दिया है।

दीपांशु, सागर और युधवीर द्वारा दो गोल्ड और एक ब्रॉन्ज मेडल हासिल करने पर आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर की चांसलर रुचि सिंह, प्रो-चांसलर डॉ. दौलत सिंह चौहान, रजिस्ट्रार डॉ. ओमवीर सिंह, आईटीएम स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स एजुकेशन के एचओडी डॉ. विपिन तिवारी सहित आईटीएम यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने शुभकामनाएं दी हैं।

शीतलहर से अपने आपको एवं बच्चों, बुजुर्गों को बचायें : डॉ . श्रीवास्तव

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 3 दिसंबर । शीत लहर माह दिसम्बर एवं जनवरी में घटित होती है, जिसके चलते सर्द हवाओं के कारण स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पडने के साथ-साथ यदा कदा मृत्यु होना भी संभावित है, शीत लहर का नकारात्मक प्रभाव वृद्ध जनों एवं 5 वर्ष के छोटे बच्चों पर अधिक होता है। यह कहना है

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला ग्वालियर डॉक्टर सचिन श्रीवास्तव का। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि दिव्यांगजनों, बेघर व्यक्तियों, दीर्घकालिक बीमारियों से पीडित

रोगियों, खुले क्षेत्र में व्यवसाय करने वाले छोटे व्यवसायियों के लिए भी शीतलहर के दौरान विशेष सतर्कता बरतना आवश्यक है उन्होंने आगे बताया कि शीत लहर एवं सर्द हवाओं के दौरान घरों में उपयोग किए जाने वाले हीटर/फायर पॉट आदि बंद कमरों में उपयोग करने के कारण का भी खतरा होना संभावित है।

गंदगी फैलाने वालों से वसूला 17,800 रूपए का जुर्माना

ग्वालियर 3 दिसम्बर. शहर में स्वच्छता बनाए रखने हेतु नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर में गंदगी एवं बिल्डिंग मटेरियल का कचरा फैलाने वालों के विरुद्ध निरंतर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसको लेकर आज क्षेत्र क्रमांक 11 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 30 में सी.एण्ड.डी. वेस्ट सडक पर डालने पर 10 हजार रूपए का जुर्माना वसूल किया गया। इसके साथ ही गंदगी फैलाने वालों पर 7800 रूपए का जुमाना लगाया गया। आज क्षेत्राधिकारी अनिल श्रीवास्तव द्वारा वार्ड क्रमांक 30 के अंतर्गत सिटी सेन्टर सहायक वन में श्रीमती वंदना कुकरेजा द्वारा भवन निर्माण के दौरान निर्माण सामग्री सडक पर डाली गई जिसको लेकर उन पर 5000 रूपए का जुर्माना लगााया।

सांई मणिपुर एवं ए .एस .सी .बी . जालंधर अगले दौर में

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 3 दिसंबर । 84वी अखिल भारतीय सिंधिया स्वर्णकप हॉकी प्रतियोगिता के दूसरे दिन पहले मैच में सांई मणिपुर एवं दूसरे मैच में

84वी अखिल भारतीय सिंधिया स्वर्ण कप हॉकी प्रतियोगिता

ए.एस.सी.बी. जालंधर ने अपने-अपने मैच जीत कर अगले दौर में प्रवेश किया और सांई राउरकेला उडीसा एवं हॉस्टल पंपोश को बाहर का

रास्ता दिखाया।

उपायुक्त सह खेल अधिकारी श्री सत्यपाल सिंह चैहान ने जानकारी देते हुये बताया कि रेलवे हॉकी स्टेडियम लोको हजीरा के हरे-भरे मैदान पर आयोजित की जा रही 84वी अखिल भारतीय सिंधिया स्वर्णकप हॉकी प्रतियोगिता के दूसरे दिन पहला मैच सांई मणिपुर एवं स्पोर्टस हॉस्टल पंपोश के बीच खेला गया मुकाबला बहुत ही रोमांचक रहा दोनो टीमो के खिलाडी गोल के लिये तरसते रहे तथा सांई मणिपुर की टीम ने दो गोल किये एवं स्पोर्टस हॉस्टल पंपोश की टीम एक भी गोल नहीं कर पाई। मुकाबला 2-0 से सांई मणिपुर के नाम रहा। मणिपुर की टीम से सागर और सचिन ने एक-एक गोल किया।दूसरा मैच सांई राउरकेला उडीसा एवं ए.एस.सी.बी. जालंधर के बीच खेला गया जिसमें जालंधर की टीम ने एक के बाद एक चार गोल मार दिये तथा राउरकेला की टीम दो गोल ही कर पाई और मुकाबला 4-2 से जालंधर के पक्ष में रहा।

हॉकी प्रेमी और खिलाड़ी बोले- ग्वालियर में हॉकी का भविष्य सुनहरा

संजीव कुमार शर्मा

ग्वालियर 3 दिसंबर । ग्वालियर हॉकी के गढ़ के रूप में पहचाने जाने वाले ग्वालियर में अखिल भारतीय सिंधिया गोल्ड कप हॉकी प्रतियोगिता के भव्य आयोजन ने एक बार फिर शहर की खेल चेतना को जगा दिया है। इस प्रतिष्ठित ग्रेड-वन टूर्नामेंट में देश भर की शीर्ष टीमों की भागीदारी के बाद, यहाँ के खिलाड़ी और खेल प्रेमी एक स्वर में मांग कर रहे हैं कि ऐसे आयोजनों में निरंतरता बनी रहनी चाहिए, ताकि ग्वालियर का हॉकी में सुनहरा भविष्य सुनिश्चित हो सके।

सिंधिया गोल्ड कप का महत्व

रेलवे हॉकी स्टेडियम में आयोजित सिंधिया गोल्ड कप प्रतियोगिता (जिसे 'सिंधिया वर्ल्ड हॉकी' के नाम से भी जाना जाता है) न केवल राष्ट्रीय स्तर पर ग्वालियर की पहचान है, बल्कि यह उभरते हुए स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय पटल पर अपनी कला दिखाने का एक महत्वपूर्ण मंच भी प्रदान करता है। इस टूर्नामेंट में 18 से अधिक टीमों ने हिस्सा लिया है, जिससे शहर के युवा खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा और प्रेरणा मिल रही है। हालांकि, पूर्व में टूर्नामेंट को वित्तीय चुनौतियों के कारण स्थगित किया गया जिसने खिलाड़ियों को चिंतित किया था। इसी को देखते हुए, अब एक बार जब यह बड़ा टूर्नामेंट फिर से हो रहा है तब खिलाड़ियों ने नगर निगम और खेल संगठनों से अपील की है कि वे इस आयोजन को हर साल निर्बाध रूप से जारी रखने के लिए एक स्थायी योजना बनाएं।

निरंतर प्रयासों की आवश्यकता

सिंधिया गोल्ड कप जैसे बड़े टूर्नामेंट की निरंतरता और पुराने दिग्गजों के अनुभव को युवा खिलाड़ियों तक पहुंचाना ग्वालियर को राष्ट्रीय हॉकी मानचित्र पर हमेशा शीर्ष पर बनाए रखेगा। स्थानीय प्रशासन और खेल संगठनों को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि हॉकी के विकास में कभी कोई गतिरोध न आए।

इनका कहना है...



रेलवे में सीनियर टिकट चेकर की नौकरी से हॉकी के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बनने तक का सफर अरशद कुरैशी का भी शानदार रहा अरशद कुरैशी इस समय रेलवे हॉकी स्टेडियम के इंचार्ज के रूप में सेवाएं दे रहे हैं उन्होंने कहा कि इस टूर्नामेंट की तैयारी काफी समय से हो रही थी अब यह हो रहा है तो बहुत खुशी और उत्साह है। ग्वालियर में हॉकी का भविष्य सुनहरा है।

जिला हॉकी एसोसिएशन के बड़े प्रयासों के बाद नगर निगम ग्वालियर ने 3 साल के बाद इस बड़े टूर्नामेंट को फिर से आयोजित किया है। यह हिंदुस्तान का क्लास वन टूर्नामेंट है। इसका निरंतर होना हमारे ग्वालियर के लिए और हॉकी खिलाड़ियों के लिए बहुत आवश्यक है।

प्रताप सिंह, सदस्य रेलवे स्पोर्ट्स समिति,ग्वा.

यह टूर्नामेंट देश के बेहतरीन हॉकी टूर्नामेंट्स में से एक है। अगर यह हर साल हो, तो हमें अपनी तैयारी को परखने का मौका मिलता रहेगा और ग्वालियर की युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी।

शत्रुघ्न सिंह जादौन, हॉकी कोच



बचपन में मुझे हॉकी खेलने का बड़ा शौक था लेकिन मेरी हॉकी टूट गई और मैं आगे नहीं खेल पाया लेकिन मैंने अपने बेटे को हॉकी खिलाड़ी बनाया और आज भी ग्वालियर में जब भी हॉकी का मैच होता है तो मैं उसे देखने जरूर जाता हूं। हम सबको अपनी हॉकी को सपोर्ट करना चाहिए।

प्रकाश कुशवाहा, खेल प्रेमी

जन्मतिथि परिवर्तन सूचना

मैं राजीव भदौरिया पुत्र श्री घनश्याम सिंह सेना नं. 124847 रायफल मेन (जी.डी.) असम रायफल्स, निवासी - रघुकुल नगर होली चाईल्ड स्कूल के पास वॉर्ड नं. 18 गिर्द महाराजपुरा, ग्वालियर (म.प्र.) 474020, सूचित करता हूँ कि, मेरी माताजी की जन्मतिथि सर्विस रिकॉर्ड में **01.07.1962 जन्मतिथि** त्रुटिवश अंकित है तथा मेरे असम रायफल्स सर्विस रिकॉर्ड में मेरी माताजी की **जन्मतिथि 01.07.1962** के स्थान पर **जन्मतिथि 21.12.1955** दर्ज किया जावे। सत्यापित एफिडेविट नं. BX 210202 दिनांक 03.12.2025

नाम परिवर्तन सूचना

मैं संदीप सिंह पुत्र श्री राजेश सिंह सर्विस नं. 2700190W रैंक हवलदार वर्तमान में - 11 ग्रनेडियर 56 ए.पी.ओ. पिन- 908011 पोस्टेड हूँ, सूचित करता हूँ कि, मेरी माताजी का नाम आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में **बीना देवी (BINA DEVI)** त्रुटिवश अंकित है। तथा मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरी माताजी का नाम **बीना देवी (BINA DEVI)** के स्थान पर बीना देवी **(BEENA DEVI)** दर्ज किया जावे। सत्यापित एफिडेविट नं. BX 210192 दिनांक 02-12-2025

नामांकन विज्ञप्ति/संशोधन सूचना

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 19-09-2025 को प्रकाशित नामांकन सूचना में त्रुटिवश आवेदक का टैक्स आई डी न.- 200409010 गलत छाप गया है। जिसका वास्तविक आवेदक का टैक्स आईडी न. 2000409010 पढ़ा जावे। विज्ञप्ति क्षेत्र क्र. 18 वार्ड 49 की है। जिसका कार्य क्र. 83/2010/18236/40538 व आवेदन का नाम श्रीमती सोनम / संजय सेंगर है। शेष यथावत रहेगा।

पता-3881, हारकोटासीर, लश्कर , ग्वालियर

कार्यालय,म .प्र .गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग मुरैना

क्रमांक-3269
दिनांक-01/12/2025

सार्वजनिक सूचना

म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा निर्मित भूखण्ड क्रं. एमआईजी-453 पुरानी हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी जौराखुर्द मुरैना जो कि श्री गोवर्धन शर्मा पुत्र श्री काशीप्रसाद शर्मा को आवंटित किया गया था। इनकी मृत्यु दिनांक-01.10.2025 को हो चुकी है। इनके वारिस श्री बृजकिशोर शर्मा, नंदकिशोर शर्मा पुत्र स्व. श्री गोवर्धन शर्मा के द्वारा एमआईजी-453 पुरानी हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी जौराखुर्द मुरैना को अपने नाम नामांतरण/ हस्तांतरण बावत आवेदन किया है. जो कि इस कार्यालय में विचाराधीन है इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस बावत प्रतिवेदन इस कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करें, निर्धारित समयावधि व्यतीत होने के उपरांत कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल के नियमानुसार भवन/भूखण्ड हस्तांतरण/नामांतरण की कार्यवाही की जा सकेगी.

सम्पदा प्रबंधक
म.प्र.गृ.नि.एवं अधो.विकास मण्डल
संभाग-मुरैना म.प्र.

आम सूचना

महेश सिंह यादव पिता का नाम प्रताप सिंह यादव उम्र 50 वर्ष जाति यादव निवासी उमरी थाना ऊमरी जिला भिण्ड म.प. आधार नं0 207942558322 में शपथ पूर्वक सत्य कथन करता हूँ। कि

1. यह कि, मुझ शपथकर्ता के पुत्र **ANSU SINGH YADAV** ने 12वी कक्षा स्वाध्यायी रूप से उपस्थित होकर कक्षा पास की है।

2. यहकि, मुझ शपथकर्ता के पुत्र **ANSU SINGH YADAV** की 10वीं एवं 12वी की मार्कशीत में उसका नाम **ANSU SINGH YADAV** के स्थान पर **ANSHU YADAV** भूलवश गलत अंकित हो गया है। जबकि उसके आधार कार्ड में उसका नाम **ANSU SINGH YADAV** अंकित है। जो सत्य व सही है। एवं उसके पिता का नाम **MAHESH SINGH YADAV** के स्थान पर **MAHESH SINGH** गलत अंकित हो गया है। जब कि इनके आधार कार्ड में इनका नाम **MAHESH SINGH YADAV** अंकित है जो सत्य व सही है।

3. यहकि, मुझ शपथकर्ता के पुत्र **ANSU SINGH YADAV** की 10वी एवं 12वीं की अंकसूची में उक्त नाम सुधार हेतु अस्तु शपथ पत्र प्रस्तुत है। मैं शपथ पूर्वक सत्यापित करता हूँ कि शपथ पत्र की सम्पूर्ण इवारत मेरी निजी ज्ञान व विश्वास से सत्य व सही है न इसमें छिपाया गया न गलत लिखाया गया है।

आम सूचना

श्री शुभम सिंह पाल पुत्र श्री विष्णु पाल के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड क्र.01 एवं 02, स्थित ग्राम सुनारपुरा खालसा, प.ह.नं.89, तहसील मुरार व जिला ग्वालियर (म.प्र.) में है जो भूमि सर्वे क्र.380 ग्राम सुनारपुरा खालसा का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1800 वर्गफुट है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री मोहन सिंह, श्री गोविन्द सिंह, श्री केशव सिंह पुत्रगण श्री कलियान सिंह के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री मोहन सिंह राणा द्वारा सम्पत्ति रकवा 0.4080 हैक्टेयर एरिया श्री शुभम सिंह पाल पुत्र श्री विष्णु पाल, श्री साहब सिंह पुत्र श्री गयाराम सिंह एवं श्री लवलेश राणा पुत्र श्री प्रीतम सिंह राणा को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी142592024 ए1261092 दिनांक 29.02.2024 से विक्रय की गई। श्री शुभम सिंह पाल द्वारा श्री लवलेश राणा की सहमति से उक्त सम्पत्ति के एक भाग सम्पत्ति 1000 वर्गफुट को विक्रय किये जाने हेतु श्री सोनू पुत्र श्री रामगोपाल जाटव के पक्ष में एक लिखतम विक्रय अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्री शुभम सिंह पाल द्वारा श्री लवलेश राणा की सहमति से उक्त सम्पत्ति के अन्य भाग सम्पत्ति 800 वर्गफुट को विक्रय किये जाने हेतु श्री भोंदेलाल पुत्र श्री हरनारायण के पक्ष में एक लिखतम विक्रय अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्री सोनू पुत्र श्री रामगोपाल जाटव एवं श्री भोंदेलाल पुत्र श्री हरनारायण द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार जना स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांकों के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 14 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हों।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

आम सूचना

श्री विजेन्द्र गोले पुत्र श्री ज्ञान सिंह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड क्र.17 एवं 18 का भाग, स्थित माँ वैष्णो इन्क्लेव फेस-2, ग्राम मालनपुर, तहसील एवं जिला ग्वालियर (म.प्र.) है जो नगर निगम ग्वालियर वार्ड क्र.63 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.467, 468, 469/1, 472, 473, 474 /2, 475/2, 476 एवं 477/मिन-1 ग्राम मालनपुर का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 900 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में—भूखण्ड क्र.17 का भाग, पश्चिम में-भूखण्ड क्र. 18 का भाग, उत्तर में-रास्ता 20 फुट चौड़ा एवं दक्षिण में-भूमि दीगर है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्रीमती बैंकुण्ठी पत्नी स्व. श्री रामचरन, श्री गोपाल, श्री दयानंद, श्री विनोद, श्री राकेश पुत्रगण स्व. श्री रामचरन, सुनीता, नारायणी पुत्रियां स्व. श्री रामचरन एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। 1. श्रीमती बैंकुण्ठी प्रजापति, 2.श्री राकेश प्रजापति, 3.सुनीता प्रजापति, 4.नारायणी प्रजापति द्वारा अपने भाग की सम्पत्ति के संबंध में श्री गोपाल प्रजापति पुत्र स्व. श्री रामचरन प्रजापति के हित में ई-रजिस्टर्ड मुख्त्यारआम विलेख क्र.एमपी 142602021ए4435051 दिनांक 15.06.2021 को सम्पादित किया गया। 1. श्रीमती बैंकुण्ठी प्रजापति, 2. श्री राकेश प्रजापति, 3. सुनीता प्रजापति, 4.नारायणी प्रजापति जर्ये मुख्त्यारआम श्री गोपाल प्रजापति (स्वयं) द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री विजेन्द्र गोले पुत्र श्री ज्ञान सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी 142602021ए 11025477 दिनांक 06.12.2021 से विक्रय की गई। श्री विजेन्द्र गोले द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार इण्डिया शैल्टर फायनेंस कॉर्पोरेशन लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांकों के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो ।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 19 वार्ड क्रं. 44, भवन क्रं. 1107, स्थान: हनुमान नगर पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती द्वारिका प्रसाद भगत / दौलतराम भगत के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 1000070089 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 400 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं. 358 दिनांक 22.11.1993 द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र महाराज बाड़ा क्षे.क्रं. 19 पर दिनांक 01.12.2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं. 82/2011/24927/25015/प्र.क्रं. *3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
श्री अनिल भगत / स्व. श्री द्वारका प्रसाद भगत
पता: हनुमान नगर, वार्ड-44, मो: 76939-76288
विज्ञप्ति जारी दिनांक: 03-12-2025

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मातादीन माहौर पुत्र श्री ख्यालीराम माहौर निवासी भिण्ड सड़क कनक गार्डन के पास हनुमान नगर गिर्द ग्वालियर मध्यप्रदेश द्वारा अपने स्वस्त, स्वामित्व, एवं अधिपत्य की अचल संपत्ति भूखंड क्र. 02 स्थित तारामाई कॉलोनी ग्राम मुरार, ग्वालियर के वार्ड क्रं. 23 में है जिसका क्षेत्रफल 1040 वर्गफुट यानि 96.65 वर्गमीटर है व उसकी चतुर सीमा पूर्व में- मकान दीगर, पश्चिम में-रोड़ कॉलोनी, उत्तर में-प्लाट क्रं. 3 दिलीप प्रजापति एवं दक्षिण में प्लाट क्रं. 1 पर निर्मित भवन सुरजीत आदि है, को विक्रय पत्र क्रं. एम.पी.142592018ए1741806 दिनांकित 05.11.2018 को निशा प्रजापति से क्रय किया था उक्त प्लाट को मेरे पक्षकार बैंक मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्यादित शाखा लश्कर ग्वालियर द्वारा शाखा प्रबंधक के हित में बंधक कर ऋण प्राप्त किया जा रहा है अत: सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति में किसी बैंक संस्था निकाय या व्यक्ति के हित निहित हो या बंधक निष्पादन में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो 07 दिवस में मेरी पक्षकार बैंक या मेरे समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करें विहित समय उपरांत बंधक मेरे पक्षकार के हित में जो जाने पर की गई कोई भी आपत्ति कतई स्वीकार योग्य न होकर निरर्थक अर्थहीन, त्याग दी गई समझी जाकर शून्य होगी तथा मेरे पक्षकार के विरूद्ध कतई बंधकारी नहीं होगी तदनुसार सूचित हो। दिनांक 03.12.2025

प्रेषक: योगेन्द्र प्रताप सिंह (अधिवक्ता)
कार्यालय : 25, अनुपम नगर, ग्वालियर
मोबा: 98263-42546

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 01 वार्ड क्रमांक 01 भवन क्रमांक... स्थान आदर्श मिलरोड-1 में स्थित है जो अशोक कुमार गुप्ता/नाथूलाल गुप्ता के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1000176653 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 1889 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी142602025ए1221854 दिनांक 29/03/2025 द्वारा क्रय/ उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्मत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र बहोड़ापुर पर दिनांक 03/12/2025 को किया गया है. जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 60/2010/73049/73256 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 03-12-2025
आवेदक का नाम/पता
राजेन्द्र कुमार गुप्ता/स्व. नाथूलाल गुप्ता
पता: आदर्श मिलरोड-1, ग्वालियर, म.प्र
मो - 9425120960

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 01 वार्ड क्रमांक 04 भवन क्रमांक... स्थान 5185, सदाशिव नगर में स्थित है जो सतीश शर्मा/सुरेश शर्मा के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1004059406 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 675 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड वसीयत अनुसार दिनांक 22/10/2016 द्वारा क्रय/ उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्मत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 03-12-2025
आवेदक का नाम/पता
सल्मी पुत्री स्व. श्री सतीश शर्मा, पिंगाक्ष
नावलिग सरपरस्त श्रीमती
शशि शर्मा पत्नी स्व. सतीश शर्मा
पता: 5185, सदाशिव नगर, ग्वालियर, म.प्र

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 19 वार्ड क्रमांक 50 भवन क्रमांक... स्थान 790,दर्जी ओली, जामदार खाना में स्थित है जो मधुकर खण्डालकर/स्व. गंगाधर, ज्योति/चन्द्रशेखर, नीलिमा/विजय के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1000306993 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 820 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक आर-10112561629974 दिनांक 12/11/2025 द्वारा क्रय/ उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्मत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र गोरखी स्काउट पर दिनांक 28/11/2025 को किया गया है. जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 82/2011/24923/25011 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 03-12-2025
आवेदक का नाम/पता
शुभम सिरसट/श्याम राव सिरसट,
श्याम अग्रवाल/रामस्वरूप अग्रवाल
पता: 790,दर्जी ओली, जामदार खाना, ग्वालियर, म.प्र

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 15 वार्ड क्रमांक 42 भवन क्रमांक... स्थान फौजदारों का मोहल्ला में स्थित है जो काजल जैसवानी/रवि जैसवानी के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 2000244061 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 555 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक ... दिनांक ... द्वारा क्रय/ उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्मत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र गाँधी मार्केट पर दिनांक 03/12/2025 को किया गया है. जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 70/2010/48174/48169 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 03-12-2025
आवेदक का नाम/पता
श्रीमती हेमा चौरसिया/नीरज चौरसिया
पता: फौजदारों का मोहल्ला, ग्वालियर, म.प्र
मो - 6262585696

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 03 वार्ड क्रमांक 07 भवन क्रमांक... स्थान मोहम्मदपुर में स्थित है जो सुरजीत सिंह/ स्व. मलखान सिंह के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 9000099357 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 800 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी142602023ए12036684 दिनांक 23/06/2023 द्वारा क्रय/ उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्मत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 03-12-2025
आवेदक का नाम/पता
कौशल सिंह तोमर/लटूरी सिंह
पता: मोहम्मदपुर, ग्वालियर, म.प्र
मो - 8848687460

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 21वार्ड क्रमांक 52 भवन क्रमांक... स्थान सिन्धी कॉलोनी में स्थित है जो भीष्म कुमार चौईथवानी/सखाराम चौईथवानी के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1004603536 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 641 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी142602024ए1202297 दिनांक 19/2/2024 द्वारा क्रय/ उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्मत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र ऑमखो पर दिनांक 03/12/2025 को किया गया है. जिसका आवेदन पत्र संख्या-25000288091 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 03-12-2025
आवेदक का नाम/पता
संगीता/राजकुमार
पता: सिंधी कॉलोनी, ग्वालियर, म.प्र
मो - 7879053353